## एक नजर में

### आज 6 घंटे बंद रहेगी बिजली

**राजगढ़ 26 जुलाई, का.** आज 27 जुलाई को 33/11 केवी उपकेन्द्र राजगढ़ में केबल बदलने का कार्य किया जाना है. जिसके चलते आज प्रातः 11 से शाम 5 बजे तक नगर में बिजली सप्लाई व्यवस्था बंद रहेगी. उपरोक्त जानकारी देते हुए जेई शिवांग त्रिपाठी ने बताया कि आवश्यकतानुसार समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है.

### आज 5 घंटे बंद रहेगी बिजली

**ब्यावरा 26 जुलाई, का.** 33/11 केव्ही उपकेन्द्र शहीद कॉलोनी में सब स्टेशन पर मैंटेनेंस कार्य किया जाना है. जिसके चलते विकास, तलावडा एवं सिटी फीडर के तहत पांच घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी. उपरोक्त जानकारी देते हुए एई अजीत भुमरकर के अनुसार शहीद कॉलोनी में सब स्टेशन पर रख रखाव सहित मैंटेनेंस कार्य किया जाना है जिसके चलते प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक 11 केव्ही विकास फीडर, तलावडा एवं सिटी फीडर के तहत बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी. जिन क्षेत्र में बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी उनमें सुदामा नगर, अपना नगर, स्वरुप कॉलोनी, तुलसी नगर, तोमर कॉलोनी, विश्वनाथ कॉलोनी, आदर्श नगर, कृष्णपुरम कॉलोनी, दौलत नगर, हरिओम कॉलोनी, बांडीखाली, बस स्टेण्ड, गुना नाका, सुठालिया बायपास, धीरपक की कॉलोनी, भागीरथ कॉलोनी, अवधपुरी कॉलोनी, कोलूभेरु, ढकोरा रोड, अरिहंत गार्डन रोड, बंशीनगर, रविशंकर नगर, टाल मोहल्ला, मातामण्ड, सिलावट मोहल्ला, वार्कोसिटी, सिया की बाड़ी, पटेल की बाड़ी, कैलाश आयल मील, शहीद कॉलोनी, जयप्रकाश मार्ग, कृष्णपुरा मार्ग, धानमण्डी, नगर पालिका कॉम्पलेक्स, गांधी चौक, भंवरगंज, रामलला मार्ग शामिल है.

### दो दिन बंद रहेगी कृषि मंडी

**ब्यावरा 26 जुलाई, का.** रविवार और सोमवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी में अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज माह का चौथा रविवार होने तथा कल सोमवार साप्ताहिक अवकाश के चलते नीलामी कार्य बंद रहेगा. कृषक बंधुओं से इन दो दिन अपनी उपज मंडी में विक्रय हेतु नहीं लाने का आग्रह किया गया है.

### इंदौर पब्लिक स्कूल में पौधे लगा संरक्षण का संकल्प

**ब्यावरा 26 जुलाई, का.** स्थानीय सिविल अस्पताल के सामने स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल में विगत दिवस पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया. पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके संरक्षण, देखभाल का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, जिला भाजपा महामंत्री अमित शर्मा, रवि बड़ोने, गोपाल बादशाह, मंडल अध्यक्ष राजू यादव अतिथि के रुप में उपस्थित रहे. संस्था डायरेक्टर हरिओम दांगी, प्राचार्य चेन सिंह जाटव द्वारा वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया. कहा गया कि आज एक पौधा जरुर लगाएं अपने माता-पिता या धरती मां के नाम पर. इस मौके पर संस्था के स्टॉफ सदस्य, विद्यार्थी उपस्थित रहे.


### कालसर्प योग अनुष्ठान

काल सर्प योग, शांति यज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम दिनांक **29 जुलाई 2025 मंगलवार** को प्रातः 10:00 से राजगढ़ (ब्यावरा) स्थित **प्राचीन शिवालय खोयरी मंदिर** में होगा. इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये संपर्क करें. मोबाइल नंबर - **9425097546**


# फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्त में

## बिहार, उत्तरप्रदेश से 5 आरोपी गिरफ्तार, साढ़े पांच लाख रुपये नगदी जब्त

नवभारत न्यूज

**तलेन/राजगढ़ 26 जुलाई, सं. फ्रेंचाइजी के नाम पर साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए बिहार, उत्तरप्रदेश से पांच लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया है तथा साढ़े पांच लाख रुपये नगदी राशि जप्त की है.**




थाना तलेन में पंजीबद्ध साइबर ठगी प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा पांच आरोपियों को बिहार के पटना, उत्तरप्रदेश राज्य से गिरफ्तार किया है. इनके पास से ठगी में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किया है.पुलिस के अनुसार ग्राम नाहली थाना तलेन निवासी फरियादी अरविंद सिंह मकवाना द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने यू ट्यूब के माध्यम से एक वेबसाइट से संपर्क कर ऑनलाइन उत्पादों की डिलीवरी हेतु फ्रेंचाइजी के प्रयास किए.

**लाखों में रशि ट्रांसफार करवाई** उक्त वेबसाइट से जुड़े व्यक्तियों द्वारा फ्रेचाइजी प्रदान करने के नाम पर फरियादी से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर विभिन्न बैंक खातों में कुल 2,18,765 रुपये की राशि ट्रांसफर करवाई गई. काफी समय बाद भी जब कोई नियुक्ति पत्र प्राप्त न हुआ एवं संबंधित मोबाइल नम्बरों से संपर्क स्थापित न हो पाया तब फरियादी को ठगी की आशंका हुई जिसकी शिकायत पर थाना तलेन में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 316(5), 318(4), 338, 336(3) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई. वहीं एक अन्य प्रकरण में एक अन्य वेबसाइट के माध्यम से डिलीवरी फ्रेंचाइज़ी हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया. इसके पश्चात फरियादी से अलग-अलग अज्ञात मोबाइल नंबरों से संपर्क किया, जिसमें स्वयं को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए विभिन्न बैंक खातों में चरणबद्ध रूप से कुल 3.31,668 रुपये जमा कराए गये. काफी समय तक किसी प्रकार की नियुक्ति या अनुबंध पत्र प्राप्त न होने और संपर्क सूत्रों से संवाद न हो पाने पर फरियादी को साइबर ठगी का संदेह हुआ. इस मामले में भी थाना तलेन में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 316(5), 318(4), 338, 336(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई. दोनों प्रकरणों में 5,50,433 रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई. पुलिस अधीक्षक राजगढ़ श्री अमित तोलानी द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मेहताब सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई.

### नागरिकों से की अपील

पुलिस विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन फ्रेंचाइजी या व्यवसायिक प्रस्तावों के संबंध में पूरी जांच-पड़ताल एवं सतर्कता बरतें. किसी संदिग्ध व्यवहार की स्थिति में तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन 1930 से संपर्क करें.

### आधार बना तकनीकी जांच एवं डिजिटल साक्ष्य

तकनीकी जांच एवं संकलित डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पाया गया कि ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी एवं बैंक खातों का संबंध पटना से है. गठित टीम द्वारा पटना से राजकुमार उर्फ आर्यन सिकरवार निवासी उत्तर प्रदेश, टिंकू कुमार निवासी बिहार, अभिषेक सिंह राजपूत, राहुल सिंह राजपूत, गोलू उर्फ विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया. आरोपियों से 2 लैपटॉप, 1 डेस्कटॉप कंप्यूटर, 3 एंड्रॉइड मोबाइल, 3 कीपैड मोबाइल आदि जप्त किया. उक्त प्रकरण की विवेचना एवं कार्रवाई में उप निरीक्षक जितेन्द्र चौहान, गोविंद मीणा, प्रधान आरक्षक केशव राजपूत, आरक्षक देवेंद्र जाट, चेतन दुबे, ईश्वर, ललित, अंतिम, हितेश यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# पति की हत्या करने वाली पत्नी, प्रेमी को उम्रकैद

## प्रेमी संग की थी पति की हत्या

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 26 जुलाई, का. प्रेमी के साथ अपने पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को न्यायालय द्वारा उम्रकैद एवं अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है.**

न्यायालय ब्यावरा में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम द्वारा अपने फैसले में आरोपी ज्योतिबाई एवं चैनसिंह निवासी बैरियाखेडी तहसील ब्यावरा को आजीवन कारावास एवं 5-5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है. अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी आलोक श्रीवास्तव ने की.

घटनाक्रमानुसार 22 जनवरी 2022 को फरियादी मदनसिंह निवासी ग्राम बैरियाखेडी ने थाना सुठालिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका लड़का रामदिनेश मीना खटिया पर खून से लथपथ पड़ा था. बहू ज्योतिबाई से पूछा कि यह कैसे हो गया तो बहू ने बताया कि वह उपर छत वाले कमरे में सो रही थी पति रामदिनेश अकेले नीचे वाले कमरे में सो रहे थे जब वह सुबह उठकर उपर छत वाले कमरे से नीचे उतरकर आई तो मैंने देखा पति खून से लथपथ पलंग पर पड़े है. मृतक की पत्नि पर संदेह होने पर कडाई से पूछताछ की गई जिसमें उसने बताया कि अपने प्रेमी के साथ मिल कर पति की हत्या की है. आरोपी ज्योति और उसके प्रेमी चैनसिंह ने मिलकर मृतक को मारा था.

प्रकरण के आरोपी चैनसिंह को मृतक के घर में हत्या करने के आशय से जबरन घुसने के अपराध में धारा 450 भादवि में 7 वर्ष के सश्रम कारावास 5 हजार रुपये अर्थदंड, आरोपी चैनसिंह एवं ज्योति को हत्या की साक्ष्य छुपाने के अपराध में धारा 201 भादवि में 7 साल का सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माना, मृतक रामदिनेश की हत्या के अपराध में आजीवन कारावास एवं पांच- पांच हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया.

# विधायक ने हाई स्कूल दरियापुर में बांटी साइकिलें

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 25 जुलाई, सं.** समीपस्थ ग्राम दरियापुर के हाई स्कूल में गुरुवार को कक्षा नवी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल योजना के तहत विधायक हजारीलाल दांगी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा साइकिल का वितरण किया गया. विधायक दांगी ने कहा किबेटियां खूब पड़े, आगे बड़े, माता-पिता का नाम रोशन करें. सरकार हर संभव मदद करेगी. साइकिल वितरण के पश्चात विधायक दांगी ने मुख्य मार्ग से विद्यालय पहुंच मार्ग का सीसी रोड का भूमि पूजन कर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्कूल स्टॉप, बच्चे मौजूद रहे.



### एक पेड़ शहीद के नाम लगाने की अपील

**नरसिंहगढ़ 25 जुलाई, सं.** हाल ही में शहीद हुए सैनिक हरिओम नागर की शहादत को अमिट रखने के लिए धाकड़ समाज ने अपने गांव में या मंदिर स्कूल स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में या अपने फार्म हाउस खेत की मेड़ पर एक पेड़ आवश्यक रूप से लगाएं तथा उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें. उक्त अपील धाकड महासभा के जिला अध्यक्ष लखन भंडारी ने समाज जनों से की है.

# टीका लगने के बाद बालिका ने दम तोड़ा

## मोरीखो गांव में हुई घटना, परिजनों ने दर्ज कराई शिकायत

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 26 जुलाई, सं. मलावर थानांतर्गत आने वाले ग्राम मोरीखो निवासी एक डेढ़ वर्षीय बालिका ने शनिवार को टीका लगने के बाद दम तोड़ दिया.**

जानकारी के अनुसार ग्राम मोरीखो निवासी डेढ़ वर्ष की बालिका सीया पिता बबलू बंजारा उम्र डेढ़ वर्ष को परिजन ने गांव में ही शाम 4 बजे 18 माह का टीका लगवाया गया. परिजनों का कहना है कि टीका लगने के कुछ समय बाद एकाएक बालिका की तबीयत बिगड़ने लगी तथा वह उसे लेकर सुठालिया अस्पताल आये जहां बालिका ने दम तोड़ दिया.

परिजनों ने की शिकायत

बालिका के परिजन द्वारा सुठालिया पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है. इसके बाद तीन चिकित्सको ने बालिका का पीएम किया. परिजनों का कहना है कि टीका लगने के बाद अचानक बालिका की तबीयत बिगड़ना शुरु हो गई. पुलिस ने जीरो पर कायमी कर मामले को मलावर थाने पहुंचा दिया है.



# 52 युवाओं ने किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 26 जुलाई, का. शनिवार को नगर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 52 युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया.**

भारत एकता ग्रुप के तत्वावधान में स्थानीय पीपल चौराहा पर प्रातः 11 बजे से रक्तदान शिविर प्रारंभ हुआ. युवा, बड़े सभी रक्तदान करने पहुंचे. 52 यूनिट रक्त एकत्रित हो गया.

अधिकांशतः युवाओं ने रक्तदान किया. जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, युवाओं के द्वारा रक्तदान किया गया. पं प्रमोद नागर, मोहन पंवार, सोनू धनगर, गौरव समाधिया, अनिल बंसल, राकेश शिवहरे, आकाश सलूजा, प्रशांत कसेरा सहित युवाओं ने रक्तदान किया. शिविर में पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र यादव, पार्षद विष्णु साहू, मंडल अध्यक्ष राजू यादव उपस्थित रहे. ब्लड बैंक से राजकुमार भिलाला,, नरेन्द्र वैष्णव, श्रीमती सपना राय उपस्थित रहे.

भारत एकता ग्रुप के ओम बैरागी, गौरव अग्रवाल, राहुल दांगी, मुकेश दांगी, शेलू सिलावट, सोनू धनगर उपस्थित रहे. जानकारी के अनुसार एकता ग्रुप के द्वारा रक्तदान शिविरो के माध्यम से अभी तक 1060 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है.

# खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयास करें-राज्यमंत्री

## जूडो खिलाड़ियों को बांटे किट

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 25 जुलाई, का. शनिवार को ब्यावरा में आयोजित खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर (जूडो) कार्यक्रम के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ द्वारा खिलाडियों को आवश्यक प्रशिक्षण किट वितरित की गई. इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने खिलाडियों को किट सौंपते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की.**

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खिलाडियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. खेलो इंडिया योजना के माध्यम से देशभर में प्रतिभावान खिलाडियों को पहचान कर उन्हें आधुनिक संसाधनों के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा ह. ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें. उन्होंने जूडो को एक ऐसा खेल बताया जो न केवल शारीरिक फुर्ती बढ़ाता है बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन भी सिखाता है. इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, ब्यावरा भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, पार्षद विष्णु साहू, बनवारी कुशवाहा, खेल अधिकार श्रीमती शर्मिला डाबर, जिला खेल प्रशिक्षक कल्पना भंडारी, ग्रामीण युवा समन्वयक राजकुमार प्रजापति, श्रीमती संध्या ट्रेलर, आरती मुजाल्दे एवं खेलो इंडिया सेंटर के कोच शुभम राजपूत सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे.



### एक घंटे बंद रहेगी बिजली

**जीरापुर 25 जुलाई, सं.** आज प्रातः 11बजे से दोपहर 12बजे तक नगर जीरापुर की विधुत सप्लाई बंद रहेगी. जानकारी देते हुए सहायक यंत्री विद्युत मंडल द्वारा बताया गया कि वितरण केंद्र जीरापुर में 33 केव्ही फीडर का रखरखाव कार्य होने के कारण शहर के समस्त क्षेत्र की विद्युत आपूर्ती बाधित रहेगी. निर्धारित समय में आकस्मिक कारणों से बदलाव भी किया जा सकता है.

# नगर में ज्योति कलश यात्रा का आगमन, गांवों में पहुंचेगी आज

नवभारत न्यूज

**कुरावर 25 जुलाई, सं.** गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्री राम शर्मा आचार्य माताजी भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्कृति, साधना और सेवा के प्रकाश को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश यात्रा प्रारंभ की गई थी. जिसका कुरावर क्षेत्र में आगमन हुआ. यात्रा आज आसपास के ग्रामों में भ्रमण करेगी. इसमें माना, बिजोरी, मुंडला बारोल, काकरिया लसूडलिया रामनाथ, गीलाखेड़ी बोरखेड़ा, बिरगड़ी आदि ग्रामों ममें दीपयज्ञ एवं विचार गोष्ठी के माध्यम से नशा निवारण एवं समाज मे व्याप्त कुरीतियों तथा विकृतियों के प्रति जागरूक किया जाएगा.

आयोजन के लिए सभी ग्राम में प्रभारी बनाए गए हैं इनमें लक्ष्मीनारायण पचवारिया, खुशीलाल, भंवर बना, कृष्ण मोहन नागर, महेंद्र सिंह, तंवर लाल चौहान, घनश्याम सिंह, लक्ष्मीनारायण मीना,वेद प्रकाश शर्मा एवं राजाराम विश्वकर्मा का नाम प्रमुख है.



**बारिश** सुबह होते-होते उफान पर आयी अजनार नदी, जिले में सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में दर्ज

# 4 घंटे में 6 इंच बारिश, रहवासी क्षेत्रों में भराया पानी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 26 जुलाई, का.** बीती मध्य रात्रि से तड़के तक हुई जोर की बारिश ने नगर में चहुंओर पानी ही पानी कर दिया. पॉश कॉलोनियों सहित कई प्रमुख कॉलोनियों में जल भराव हो गया. रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. स्थानीय अजनार नदी सहित नाले उफान पर आ गये. शहीद कॉलोनी में एक भारी भरकम पेड़ धराशायी हो गया. कुछ ही घंटे में रिकार्ड करीब 6 इंच बारिश नगर में हो गई. नगर में बारिश का आंकड़ा औसत वर्षा से ऊपर जा पहुंचा है.

गौरतलब है कि मध्य रात्रि करीब 1 बजे से आकाशीय गर्जना के साथ तेज बारिश होने लगी. देखते ही देखते बारिश ने और रफ्तार पकड़ ली. तड़के 5 बजे तक बारिश का क्रम चलता रहा. अजनार नदी एवं नाले उफान पर आ गये. बारिश का क्रम तड़क 5 बजे तक चलता रहा. इस बीच 144 एमएम बारिश हो गई.



**औसत वर्षा से ऊपर निकला बारिश का आंकड़ा** जिले में सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में दर्ज की गई है. बीती रात्रि को हुई 144 एमएम बारिश के बाद 26 जुलाई को सुबह 8 बजे तक ब्यावरा में हुई बारिश का आंकड़ा 1173 एमएम पर जा पहुंचा है जो कि कुल औसत बारिश के आंकड़े को पार कर चुका है. आज दिनांक तक जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति इस प्रकार है. जीरापुर 550 एमएम, खिलचीपुर 630.2, राजगढ़ 588.4, ब्यावरा 1173.8 एमएम, नरसिंहगढ़ 784.6, सारंगपुर 295 तथा पचोर में 559.6 एमएम बारिश दर्ज की गई है. जिले की औसत वर्षा आज दिनांक तक 662.9 एमएम हो चुकी है जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक जिले में 511.1 एमएम ही बारिश हो सकी थी.

**4 घंटे गुल रही बिजली** बीती मध्य रात्रि को शहीद कॉलोनी में गिरे भारी भरकम पेड़ की चपेट में 11 केवी विद्युत लाइन आ गई जिससे रात्रि 2 से सुबह 6 बजे तक सिटी फीडर के तहत बिजली सप्लाई ठप्प रही. शहीद कॉलोनी, पुराना बस स्टेण्ड, मैन मार्केट, राजगढ़ रोड आदि जगह पर बिजली सप्लाई बंद रही.

**स्कूल की छत से टपका पानी** तेज रफ्तार बारिश के चलते स्थानीय पुराना बस स्टेण्ड स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी कन्या शाला भवन की छत से पानी टपकने लगा इससे कक्ष में रखा सामान भीगने से नुकसान पहुंचा है.

### पेड़ धराशायी, अनहोनी टली

शहीद कॉलोनी में पब्लिक स्पोर्टस क्लब ग्राउण्ड के समीप एक भारी भरकम पेड़ दीवार की बाउण्ड्रीवॉल तोड़ते हुए मुख्य मार्ग पर आ धराया. यह घटना मध्य रात्रि की होना बताया जा रहा है. रात का समय होन से कोई नुकसान होने से बच गया. हांलाकि पेड़ की चपेट में आने से एक दुकान एवं मकान को नुकसान पहुंचा है. दिन के समय मार्ग पर काफी यातायात रहता है.

### पॉश कॉलोनियों सहित कई जगह जल भराव



रिकार्ड बारिश होने से पॉश कॉलोनियों व अन्य रहवासी क्षेत्रो में पानी भरा गया. सुठालिया बायपास स्थित वार्ड 8 में काफी पानी भर गया जिससे रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. इतना अधिक पानी भर गया कि घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया. निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पानी भर गया. इसी प्रकार शहीद कॉलोनी में कैलादेवी मंदिर के पास, आईसीआईसीआई बैंक के समीप आदि अन्य स्थानों पर बारिश का पानी भर जाने से नागरिकों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा.

### पंचायत सचिव संगठन ने ज्ञापन सौंपा

**जीरापुर 25 जुलाई, सं.** मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के आह्वान पर पूरे प्रदेश में तीन सुत्रिय मांगों के निराकरण के संबंध में ज्ञापन दिए जा रहे. इसी तारतम्य में जनपद पंचायत जीरापुर एवं खिलचीपुर द्वारा संयुक्त रूप से विधायक हजारीलाल दांगी को ज्ञापन देकर कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संविलियन, समयमान वेतनमान का लाभ जारी आदेश के पालन में दिया जाना है. इस दौरान सचिव संगठन जिला अध्यक्ष लाखन सिंह खींची ,जीरापुर ब्लॉक अध्यक्ष दूल्हेसिंह परमार, श्रीलाल पवांर, जगदीशचंद्र मालवीय, कैलाश शर्मा, छोटूलाल पवांर, बजरंग शर्मा, गब्बर सिंह, पीरुलाल दांगी, रामबाबू राव, नरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, शिवनारायण, भैरू सिंह तोमर, मांगीलाल दांगी, चुन्नीलाल, सिद्धूलाल सहित सचिव संगठन एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर-जीरापुर के पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप उपस्थित रहे.